26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, ९ नवम्बर, २०२५

अंक- 16 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20





रईस मलिक

संवाददाता, चिंगारी सांध्य दैनिक

कोतवाली देहात

सभी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक अख़बार

चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

अंसारी किराना स्टोर

पुराना थाना मार्केट, कोतवाली देहात

प्रोपराइटर- हारून अंसारी




## समस्त नागरिकों को चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं






## संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसम्बर तक चलेगा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरु होगा और 19 दिसम्बर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए लिखा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। श्री रिजिजू ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह रचनात्मक और सार्थक सत्र होगा और हमारे लोकतंत्र को मजबूत कर लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र में बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा तथा आपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों का अधिकांश समय बाधित रहा था।

## बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार की जरुरत- योगी



**पूर्वी चंपारण ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ( राजद ) पर निशाना साधते हुये कहा कि बिहार की जनता को अपराधी नहीं बल्कि विकास की बयार बहाने वाली सरकार की जरुरत है जिस पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) फिट बैठता है। मोतिहारी में राजग प्रत्याशी प्रमोद कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार ने पहले चरण के मतदान में ही यह संकेत दे दिया है कि अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, बल्कि एनडीए की एलईडी लाइट में जगमगाता बिहार चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को जब परिणाम आएंगे, तो फिर एक बार एनडीए की सुशासन, विकास और सुरक्षा की सरकार बनने जा रही है। बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए।

# बिना मिट्टी, पानी में ही ग्रो कर जाएंगे ये खूबसूरत पौधे



पेड़-पौधे लगाना भला किसे पसंद नहीं होता है? ये आपके घर की खूबसूरती में चार चांद जो लगा देते हैं। वहीं, कुछ लोग अपनी ऑफिस की टेबल को भी खूबसूरत पौधों से सजाकर रखना पसंद करते हैं। ये तनाव भरे माहौल में भी आपको एक पॉजिटिव वाइब देने का काम करते हैं। सजावट से अलग पौधे आपकी सेहत को भी कई तरह से फायदा पचुंचाते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों की शिकायत रहती है कि समय की कमी के चलते वे सही ढ़ग से इनका रख-रखाव नहीं कर पाते हैं, जिससे उनके फेवरेट प्लांट्स बेहद जल्द मुरझाने लगते हैं। इसके अलावा कई बार गमले से मिट्टी ऑफिस की टेबल और घर, दोनों को गंदा कर काम को अधिक बढ़ा देती है। अगर, आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं, तो ये आर्टिकल आपके लिए बेहद मददगार साबित हो सकता है। बेहद खूबसूरत और सेहत के लिए फायदेमंद प्लांट्स, जो बिना मिट्टी के पानी में भी ग्रो कर सकते हैं। इससे भी कमाल की बात यह है कि इन प्लाट्स को लगाने में आपको ना तो ज्यादा मेहनत की जरूरत होगी और ना ही बहुत खास देखभाल ही करनी होगी। ऐसे में आप बेहद आसानी से इन पौधे को लगाकर अपने ड्रॉइंग रूम, लिविंग रूम और ऑफिस की डेस्क की सुंदरता को बढ़ा सकते हैं।



## बैम्बू प्लांट

बैम्बू प्लांट यानी बांस का पौधे को आप बेहद आसानी से केवल पानी में उगा सकते हैं। ये प्लांट दिखने में भी बेहद खूबसूरत लगता है। इसके अलावा माना जाता है कि बैम्बू प्लांट नेगेटिव एनर्जी को दूर कर पॉजिटिव एनर्जी लाता है, जिससे हैल्थ भी सही रहती है। इससे अलग अगर आप वास्तु शास्त्र में यकीन रखते हैं, तो इस पौधे को घर में लगाना काफी शुभ माना जाता है। माना जाता है कि आपके द्वारा लगाने पर समय के साथ ये पौधा जितना ग्रो करता है, आप भी जीवन में उतनी ही उन्नती करते जाते हैं।



## कोलियस का पौधा

कोलियस का पौधा खासतौर पर अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। इस पौधे की पत्तियां किसी का भी मन मोह लेने के लिए काफी हैं। खासकर अगर आप ऑफिस में काम करते समय इस पौधे को अपने सामने रखते हैं, तो ये हमेशा आपके मूड को फ्रेश रखने में मदद करेगा। वहीं, कमाल की बात यह है कि आप इस प्लांट को किसी भी छोटे जार या कांच की बोतल में आसानी से उगा सकते हैं। इस पौधे को सीधी धूप की भी जरूरत नहीं है, ऐसे में आप इसे ऐसी जगह रखें जहां दिन के कुछ घंटे धूप आती हो।



## फिलोडेंड्रोन प्लांट

फिलोडेंड्रोन प्लांट को घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इनडोर प्लांट के तौर पर बहुत लोग लगाना पसंद करते हैं। इसकी हार्ट शेप पत्तियां हर किसी के मन को भाती हैं। बता दें कि इस पौधे को भी ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती है, साथ ही इसे कम या ज्यादा रोशनी वाली दोनों की जगहों पर उगाया जा सकता है।



## आर्किड प्लांट

इस लिस्ट में दुनिया के सबसे खूबसूरत पौधों में से एक आर्किड प्लांट का नाम भी शामिल है। ऑर्किड को हाउस प्लांट के तौर पर उगाया जाता है, जो मॉस या पत्थरों के साथ मिलता है। हालांकि, कम लोग ही इस बात को जानते हैं कि एक बार इसकी जड़ निकल गई तो इसे छाल के एक टुकड़े पर आसानी से पानी में उगाया जा सकता है।



## एग्लोनिमा प्लांट

एग्लोनिमा प्लांट को भी आप केवल पानी में उगा सकते हैं। इस पौधे की हरी और गुलाबी पत्तियां इसे खास बनाती हैं। आप इस पौधे का इस्तेमाल भी घर और ऑफिस की सजावट के लिए कर सकते हैं।

---

# एजिंग की समस्या से छुटकारा दिलाता सकता है ऑलिव ऑयल

बढ़ते प्रदूषण और त्वचा की सही तरह से देखभाल न कर पाने के कारण लोग वर्तमान समय में पिंपल्स, एक्ने, झुर्रियां और दाग-धब्बों की समस्या से परेशान हैं। त्वचा संबंधी इन समस्याओं से छुटकारा पाने के ज्यादातर लोग अलग-अलग तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं।

विटामिन-ई, विटामिन के, आयरन, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है।





हालांकि त्वचा विशेषज्ञों की मानें तो कुछ घरेलू उपायों के जरिए भी इन स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो अपने स्किन केयर रूटीन में महंगी क्रीम की जगह ऑलिव ऑयल को शामिल कर सकते हैं। विटामिन-ई, विटामिन के, आयरन, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर ऑलिव ऑयल त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है।

ऑलिव ऑयल ना सिर्फ त्वचा को निखारता है बल्कि पिंपल्स, एक्ने और झुर्रियों जैसी समस्या को भी दूर करता है। हेल्दी स्किन पाने के लिए 2 चम्मच ऑलिव ऑयल में एक चौथाई कप शहद और एक तिहाई कप दही मिला लें। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। बाद में त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। नियमित तौर पर यह उपाय अपनाने से आपकी स्किन स्वस्थ बनती है।

### ड्राई स्किन के लिए-

ऑलिव ऑयल में मौजूद विटामिन ई स्किन को मॉइश्चराइज करता है। इसके लिए रूई की मदद से ऑलिव ऑयल को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छी-तरह से लगाएं। 15 मिनट तक सूखाने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। यह नुस्खा ना सिर्फ स्किन प्रॉब्लम्स से बचाता है बल्कि सूरज की हानिकारक किरणों और प्रदूषण से होने वाले डैमेज को भी रोकता है।

### झुर्रियों को करे दूर-

उम्र बढ़ने के साथ ही त्वचा पर झुर्रियां आदि की समस्याएं होने लगती हैं। एजिंग के ये साइन चेहरे को डल बना देते हैं। हालांकि ऑलिव ऑयल इन समस्याओं से भी निजात दिला सकता है। इसके लिए दो चम्मच ऑलिव ऑयल में एक चम्मच नींबू का रस और एक चुटकी नमक मिला लें। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर मसाज करें। बाद में त्वचा को धो लें। इसके अलावा आप ऑलिव ऑयल का मेकअप रीमूवर के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 9 नवम्बर, 2025

# भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया है उत्तराखंड को- अखिलेश यादव

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुये कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है। नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुये उन्होने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखण्डवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होने कहा कि 09 नवम्बर 2025 को उत्तराखंड राज्य 25 वर्ष का हो जाएगा। इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों में उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है। उन्होने कहा कि सच तो यह है कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।



## बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी बनायेंगे सरकार- शाह

पूर्णिया (एजेंसी/चिंगारी)। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी सरकार बनायेंगे और 'विकसित बिहार' के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ही लायेंगे। श्री शाह ने पूर्णिया जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में घुसपैठियों के लिये कोई जगह नहीं है।उन्होंने कहा कि अभी अभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव %घुसपैठिया बचाओ% यात्रा लेकर निकले थे। उन्होने कहा कि राहुल-तेजस्वी चाहते हैं कि सीमांचल घुसपैठियों का गढ़ बने,लेकिन वह आज सीमांचल की भूमि से कहकर जाते हैं कि राजग सरकार बिहार से एक-एक घुसपैठिए को निकालेगी।उन्होंन कहा राजग सरकार न केवल घुसपैठियों को निकालेगी बल्कि उन्होंने जो अतिक्रमण किया है, उसे भी जमींदोज कर सीमांचल की भूमि को मुक्त करेंगे। यहां पर जितने भी अवैध धंधे लालू राज में शुरू हुए और घुसपैठियों ने बढ़ाए, हर एक अवैध गतिविधि को राजग सरकार उखाड़ फेंकेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ये घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरी छीन लेते हैं, गरीबों के राशन में हिस्सेदारी लेते हैं और देश को भी असुरक्षित करते हैं।

## रालोद के राष्ट्रीय अधिवेशन में किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण पर रहेगा फ़ोकस

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। एक तरफ़ जहाँ भाजपा अलग अलग कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में जुटी है वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने भी अपनी चुनावी तैयारियों को अमली जामा पहनाने की क़वायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में 16 नवंबर को मथुरा में अपना राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने जा रहा है। पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि इस आयोजन में उत्तर प्रदेश भर से 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है, जहाँ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की भी घोषणा की जाएगी। इस अधिवेशन को रालोद की भावी राजनीतिक रणनीति को परिभाषित करने और 2026 के पंचायत और 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले अपने जमीनी संगठन को मज़बूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा जा रहा है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901



सभी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक अख़बार

## चिंगारी

की 40वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं

**रईस मलिक**
संवाददाता, चिंगारी सांध्य दैनिक
कोतवाली देहात





**डॉ. इश्तियाक मोहम्मद अंसारी**

पूर्व प्रधान- कोतवाली देहात
प्रदेश उपाध्यक्ष
मोमिन अंसार सभा

---

सभी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक अख़बार



## चिंगारी

की 40वीं वर्षगांठ की

**रईस मलिक**
संवाददाता, चिंगारी सांध्य दैनिक
कोतवाली देहात



हार्दिक शुभकामनाएं



**रेहान कुरैशी**
ग्राम प्रधान
करौंदा पचदू ब्लॉक
कोतवाली देहात

---

**आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।**

अपना अस्पताल

## तत्सव हेल्थ केयर

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281



**डॉ. शुभम अग्रवाल**
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ




मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

**नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ**
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

**न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट**
**मनोरोग विशेषज्ञ**
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)





**सुविधाऐं :**

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

---





चंद्रमणि रघुवंशी सूर्यमणि रघुवंशी

क़स्सार समाज की आवाज़ जन-जन तक एवं प्रशासन से शासन तक पहुंचाने में महती भूमिका निभाने वाले अग्रणी लोकप्रिय समाचार-पत्र दैनिक **बिजनौर टाइम्स** के **63वें वर्ष** में प्रवेश करने एवं उसके सहयोगी सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर दोनों भाइयों आदरणीय **श्री चंद्रमणि रघुवंशी** संपादक बिजनौर टाइम्स एवं लोकप्रिय संपादक चिंगारी डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी जी को



## ऑल इन्डिया जमीयतुल क़स्सार (रजि. दिल्ली)

सन 1980 से बिरादरी की भलाई व तरक्की के लिये प्रयासरत मुस्लिम धोबी संगठन

के **राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डॉ. खुर्शीद आलम कस्सार**

**की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई**



डॉ. खुर्शीद आलम कस्सार

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : रविवार, 9 नवम्बर, 2025

# जिले भर में चल रहा नकली खाद का कारोबार
# कुम्हैड़ा में सील किया किसान खाद भण्डार

बिजनौर/किरतपुर (चिंगारी)। बिजनौर शहर में चल रही नकली खाद बनाने की फैक्ट्री के भण्डाफोड़ के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी नजीबाबाद व उप कृषि निदेशक बिजनौर ने संयुक्त रूप से किसान खाद भण्डार कुम्हैड़ा थाना किरतपुर को संदिग्ध उर्वरक व रसायन को दृष्टिगत रखते हुए सील कर दिया है। टीम के पहुंचने से पहले ही खाद भण्डार का मालिक ताला लगाकर रफूचक्कर हो गया था। कृषि भण्डार को सील कर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। बता दें कि कल एसडीएम सदर ने कृषि विभाग के अधिकारियों और पुलिस बल के साथ बिजनौर की कृष्णा पुरम कॉलोनी में चल रही नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पर



छापा मारकर वहां भारी मात्रा में नकली खाद के बोरे बरामद किये तथा फैक्ट्री को सील कर दिया। यहां पर पिछले काफी दिनों से नकली खाद बनाने का



धंधा चल रहा था। इससे पहले इसी गोदाम में मैगी बनाई जाती थी। यह भी उल्लेखनीय है कि जनपद में बड़े पैमाने पर नकली खाद व नकली दवाइयों का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनीति के युवा अध्यक्ष दिगम्बर सिंह का आरोप है कि यह गोरखधंधा कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नकली खाद व नकली दवाइयों से किसानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है। महंगे दाम पर उर्वरक व दवाई खरीदकर भी फसलों को कोई लाभ नहीं मिल रहा।

# पुलिस से शिकायत करने पर बहू को घिनौनी सजा दी

## दो महिलाओं सहित 9 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

नहटौर (चिंगारी)। मारपीट की शिकायत करने पर ससुराल पक्ष ने विवाहिता को मारपीट करते हुए घिनौनी सजा दी। पीड़ित विवाहिता ने आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नहटौर पुलिस ने 9 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसकी शादी 2 साल पूर्व नहटौर के सलारपुर शफक्तपुर में हुई थी। शादी के उपरांत पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया था। ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट करते थे। आरोप है कि 9 अक्टूबर को करीब 5 बजे आरोपी ससुराल पक्ष द्वारा बहू को गालियां देते हुए बुरी तरह मारपीट की। जिसमें पीड़ित घायल हो गई। पीड़िता की बहन ने पुलिस को सूचना दे दी। बताया जाता है कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी पीड़िता की सास और ननद आदि को समझा बुझाकर वापस चले गए। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद ससुराल के ही एक व्यक्ति व उसका साथी पीड़िता को कमरे में खींच कर ले गए और पुलिस को बुलाने का सबक सिखाने व गंदी गंदी गालियां देते हुए उसके साथ घिनौना तरीके से व्यवहार कर असहनीय दर्द दिया। उन्होंने फिर से पुलिस को सूचना देने पर तड़पाकर दर्दनाक मौत देने की धमकी दी। पीड़िता द्वारा नहटौर पुलिस को कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिस पर एसपी के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी पति, सास, ससुर सहित 9 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले में नौ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**Now In Bijnor**

Carrier Midea

CARRIER MIDEA INDIA

(Air Conditioners)

**For Trade Enquiries called**

Authorised Distributor

**VINSUR PRODUCTS**

Geeta Nagari, Bijnor 246701

**Mob.: 9219690223**

# ढूंढती रह गई पंजाब पुलिस, दुष्कर्म का आरोपी विधायक पठानमाजरा भागा ऑस्ट्रेलिया

पटियाला (एजेंसी/चिंगारी)। दुष्कर्म मामले में आरोपी पंजाब के पटियाला जिले के सनौर हलके के आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा विदेश भाग चुका है। पठानमाजरा देश छोड़कर ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है। पठानमाजरा को पंजाब पुलिस दो महीने से ढूंढ रही थी। ऑस्ट्रेलिया में पठानमाजरा ने एक निजी चैनल को इंटरव्यू दिया है। पठानमाजरा के इंटरव्यू को सोशल मीडिया पर सात नवंबर को अपलोड किया गया है। इसमें पठानमाजरा ने उन पर दर्ज केस को झूठा बताते हुए भगवंत मान सरकार पर जमकर हमला बोला है।

**किराये पर स्थान उपलब्ध**

कुल क्षेत्रफल लगभग 1500 वर्ग फुट

**परिसर में उपलब्ध-**

बड़ा हॉल, 4 कमरे, रिसेप्शन एरिया, बरामदा (Verandah), पानी व बिजली की सुविधा उपलब्ध।

इच्छुक व्यक्ति चाहे तो यहाँ 5 बेड तक का छोटा अस्पताल/क्लीनिक भी संचालित कर सकते हैं।

किराया आपसी बातचीत से तय होगा।

संपर्क करें-

(सुबह 11 से 2 के बीच)

मोबाइल- 8630478310

नोट- स्थान गली में स्थित है।

**For Rent**

2 BHK Flat, 4 BHK Flat

2 BHK Flat with open terracl

1 Showroom aviail-able for Rent

Location- Krishna Plaza, Near SRS Mall Shakti Chowk, Bijnor

Contact No.: 8899505500

**ज़मीन बिकाऊ**

बिजनौर नगर पालिका क्षेत्र से एक किमी दूर नगीना रोड पर स्थित गांव पेदी में सात बीघा कमर्शियल जमीन बिकाऊ

संपर्क 9873687378/ 8307293020

# जयंत चौधरी से मिले हनी तोमर



चांदपुर (चिंगारी)। युवा रालोद नेता हनी तोमर ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह और किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी श्रीमती चारु चौधरी से दिल्ली में सरकारी आवास पर मुलाकात की। हनी तोमर ने आगामी पंचायत चुनाव के सम्बन्ध में अपनी उम्मीदवारी को लेकर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से चर्चा की। मालूम हो कि हनी तोमर पिछले पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद के जलीलपुर वार्ड 5 से चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर रहे थे, लेकिन जयंत चौधरी के कहने पर वे चुनाव मैदान से हट गए थे, इस बार हनी तोमर ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। हनी तोमर को जयंत चौधरी का नजदीकी माना जाता है।

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747



# डीपीएस बिजनौर में हुई स्टूडेंट्स लेड कॉन्फ्रेंस

## छात्र-छात्राओं ने बनाये विकसित भारत थीम पर आधारित उत्कृष्ट मॉडल





**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में आयोजित स्टूडेंट्स लेड कॉन्फ्रेंस छात्रों की सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार को अभिव्यक्त करने वाला एक अद्वितीय मंच सिद्ध हुई। नर्सरी से लेकर कक्षा नौ तथा कक्षा ग्यारह तक के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर विकसित भारत थीम पर आधारित अपने-अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। सामाजिक विज्ञान विभाग के छात्रों ने भूकंप, भूस्खलन, सूखा, ज्वालामुखी, विस्फोट, बाढ़, सुनामी और जंगल की आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर आधारित सटीक मॉडल तैयार किए। साथ ही छात्रों ने राजस्थान की संस्कृति और डायनासोर की उत्पत्ति से लेकर उसके अंत तक के जीवन काल को दर्शाया, जो बहुत ही एक रोमांचक था। इसके अतिरिक्त ऊर्जा संरक्षण, सतत विकास, सौर एवं पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन तथा बांध जैसे विषयों पर भी सारगर्भित प्रस्तुतियां दी गईं। विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विकसित कृषि पर आधारित एक विस्तृत प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसमें कृत्रिम कृषि रोबोट, ए.आई. सोलर ट्रैकर तथा टिकाऊ कृषि हेतु स्मार्ट तकनीकों का संगम देखने को मिला।

हिंदी विभाग के छात्रों ने प्राचीन काल से आधुनिक काल तक के कवियों की विरासत पर आधारित एक जीवंत मॉडल तैयार किया। रोबोटिक्स विभाग में छात्रों द्वारा तैयार इलेक्ट्रॉनिक डस्टबिन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों ने छोटे बच्चों का वंडरलैंड शीर्षक से रंग-बिरंगे मॉडल सजाए।

> गणित विभाग में छात्रों द्वारा निर्मित हावड़ा ब्रिज का आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी का मख्य आकर्षण रहा। विद्यार्थियों ने न केवल इसकी संरचना और विशेषताओं को स्पष्ट किया, बल्कि भविष्य में संभावित तकनीकी परिवर्तनों का भी प्रभावी चित्रण किया। संस्कृत विभाग ने गुरुकुल पद्धति का मॉडल बनाकर प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति के अंतर को अत्यंत सहज और प्रभावशाली रूप में चित्रित किया।

# देखकर 20 लाख का चालान अधिकारियों सहित सब हैरान

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने एक स्कूटी का 20 लाख 74 हजार रुपये का चालान कर दिया। अब यह विवादित चालान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है। जिसके बाद अधिकारी इस मामले में अपनी सफाई दे रहे हैं। दरअसल बीती 4 नवंबर को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र स्थित गांधी कॉलोनी चौकी पर एक स्कूटी सवार अनमोल सिंघल का 20 लाख 74 हजार रुपये का चालान कर दिया था। चालान को लेकर हवाला दिया गया था कि स्कूटी सवार ने न तो हेलमेट लगाया हुआ था और न ही उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस था। इसके अलावा सवार के पास गाड़ी का कोई कागज भी नहीं था। जिसके चलते चालान के बाद पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया। स्कूटी सवार ने जब चालान को सोशल मीडिया पर वायरल किया तो पुलिस भी हरकत में आई और आनन-फानन में चालान को 4 हजार रुपये कर दिया। अधिकारियों की मानें तो इस स्कूटी पर कार्रवाई करते हुए 207 एमवी एक्ट की धारा लगती है। लेकिन जिस सब इंस्पेक्टर द्वारा यह चालान किया गया है, वह 207 एमवी भरना भूल गए। जिससे मिनिमम चालान धारा में जुड़ गया और ये चालान 20 लाख 74 हजार रुपये हो गया था। एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे ने बताया कि मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर द्वारा वाहन चैकिंग की जा रही थी।



# समाधान दिवस पर डीएम पहुंचीं हल्दौर फरियादियों की समस्याओं पर किया गौर

**बिजनौर/हल्दौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा शनिवार को थाना हल्दौर पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, थानाध्यक्ष हल्दौर सहित अन्य राजस्व एवं पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि शिकायतों के निस्तारण में इस बात का अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जाए कि शिकायतकर्ता निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट भी हो।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा थाना समाधान दिवस कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति डेस्क का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण एवं उनको कानूनी सहायता व उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# यातायात माह के दौरान, किये गये 279 वाहनों के चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा व यातायात अनुशासन को लेकर जिले में यातायात माह- नवम्बर 25 के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 279 वाहन चालकों के चालान किए। इनमें सबसे अधिक बिना हेलमेट चलने वाले 120 वाहन चालकों के चालान शामिल हैं। यातायात माह का मकसद सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 279 वाहन चालकों के चालान काटे। सबसे अधिक 120 चालान बिना हेलमेट चलने वालों के किए गए। वहीं 22 चालान बिना सीट बेल्ट, 8 चालान मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने, 26 चालान रॉन्ग साइड वाहन चलाने और 18 चालान तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ हुए। इसके अलावा 24 चालान बिना बीमा, 13 बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र और 23 चालान बिना ड्राइविंग लाइसेंस के मामलों में दर्ज किए गए। साथ ही नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर 25 वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों पर बैनर लगाकर लोगों को हेलमेट व सीट



बेल्ट के उपयोग की सलाह दी और उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा के लिए लोगों का सहयोग सबसे अहम है। अगर वाहन चालक खुद जिम्मेदारी दिखाएं तो सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

### वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें

**अभियान के दौरान पुलिस ने अपील की कि लोग अपने बच्चों को हेलमेट पहनने की आदत डालें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग हरगिज न करें।**

### पूरे माह चलेगा अभियान

**एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान पूरे नवंबर माह तक जारी रहेगा, जिसमें न केवल चालान की कार्रवाई होगी, बल्कि जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है।**

# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंजना सदन जीता

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल मंडावर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, स्कूल प्रबंधक अनिल  चौधरी, विद्यालय अध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।  नृत्य, समूह गायन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'क्या किशोरों में बढ़ती चिंता और अवसाद के लिए सोशल मीडिया जिम्मेदार है' रहा। इस प्रतियोगिता में अंजना सदन प्रथम, नालंदा सदन व उज्जैन सदन द्वितीय तथा तक्षशिला सदन तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में शोभित शर्मा व डॉक्टर मधु ने प्रस्तुति एवं आत्मविश्वास के आधार पर विजेताओं का चयन किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार



एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी ने वाद विवाद प्रतियोगिता के विषय के नकारात्मक और सकारात्मक प्रभाव को बेहतरीन तरीके से समझाते हुए बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने व शिक्षा की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य डॉक्टर मदन सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सोशल कौशल का विकास करते हैं।

# सिंचाई करने गये व्यक्ति का शव खेत में मिला

बढ़ापुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव खुशीनगर  निवासी मूला सिंह ( 58 वर्ष ) शुक्रवार की रात गांव दोदराजपुर स्थित खेत पर पानी देने गया था। शनिवार को घर वापस न लौटने पर परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो मूला सिंह मृत अवस्था में खेत में पड़ा था। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव के आस-पास बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ नगीना अंजनी कुमार सिंह के अनुसार मूला सिंह की मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकेगी।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# भाजपा सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्वावलंबी बनाना- अशोक राणा

**शेरकोट (चिंगारी)।** उ.प्र.सरकार द्वारा चलाई जा रही उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की एस.एस.डी.एफ. योजना के अंतर्गत हवेली रोड पर स्थित एस.एस.डी. डिग्री कालेज में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने फीता काटकर किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधायक अशोक राणा ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है, जिसके लिए सरकार द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा



विभिन्न योजनाएं चलाकर हर वर्ग को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिसमें प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ला एंड आर्डर, महिला सुरक्षा, शिक्षा, उद्योगों को बढ़ावा देकर बेरोजगारी दूर करने के लिए विशेष रूप से काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से कौशल विकास मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार अर्जित करने और स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार, राजवीर गहलौत, रोहित कुमार आदि कालेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हनुमान जी के गुणगान के साथ किया नये भवन में प्रवेश



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला वीरथला में नेत्र चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. अजय रस्तौगी के सुपुत्र डॉ. विवेक रस्तौगी द्वारा अपने नवनिर्मित भवन में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन कराया गया। शनिवार की रात रामभक्त हनुमान की महिमा का गुणगान करते हुए शुरू हुए सुंदरकांड पाठ में गायकों ने ढोलक, मंजीरे और अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों के साथ जब भजन-कीर्तन प्रस्तुत किये तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और परिसर जयघोष से गूंज उठा। पाठ समापन पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और भगवान राम व हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रुचि रस्तौगी, वैष्णव रस्तौगी, मुकेश रस्तौगी, योगेन्द्र रस्तौगी, अमित कुमार, अमिष रस्तौगी, श्रेष्ठ रस्तौगी, मनी रस्तौगी, प्रदीप कुमार, विनय रस्तौगी, डॉली, शीतल सोनी, रीता रस्तौगी आदि उपस्थित रहे।

# मायापुरी में कबड्डी टूर्नामेंट शुरू



टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते भीमसैन हल्दिया

**नांगल सोती (चिंगारी)। कल शाम समीपवर्ती ग्राम मायापुरी में 65 किग्रा भार तक के खिलाड़ियों के कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसैन हल्दिया ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बरकातपुर और मायापुरी की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें मायापुरी की टीम विजयी रही। उद्घाटन कार्यक्रम में आशीष जाटव, यशवर्धन सिंह, अश्वनी कुमार, अर्पित कुमार, मोनू, मिथुन, विशाल, अंकित, आकाश, दीपांशु आदि मौजूद रहे।**

# जीएम के आश्वासन पर भाकियू का धरना समाप्त

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर बिंदल्स शुगर मिल चांगीपुर पर धरना दिया। शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल किसानों की विभिन्न समस्याओं खराब रास्ता ठीक कराना, शुगर मिल के अंदर किसानों के लिए पानी की व्यवस्था करना, शुगर मिल के आसपास जलभराव की समस्या को दूर करना, किसानों के लिए पांच किलो खाद के स्थान पर पच्चीस किलो खाद देना आदि समस्याओं के समाधान के लिए, मिल के गन्ना महाप्रबंधक जितेन्द्र मलिक से मिलने गया था, लेकिन गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें मिलने नहीं दिया, जिससे गुस्साए किसानों ने मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया। भाकियू के धरने की सूचना पर गन्ना महाप्रबंधक जितेन्द्र मलिक धरनास्थल पर पहुंचे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जीएम गन्ना के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया। धरने में चौधरी अमरपाल सिंह,मास्टर देवेन्द्र सिंह, मोनू चौधरी, रोहताश सिंह, यादराम सिंह, भोपाल सिंह आदि रहे।



मिल के जीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी।

## लोनी गये थे सपरिवार चोरों ने किया माल पार

**चांदपुर (चिंगारी)।** चोरों ने बन्द मकान के ताले तोड़ कर 40 हजार रूपए की नकदी व आभूषण चोरी कर लिये। नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी इंतजार अहमद परिवार सहित रिश्तेदारी में लोनी गये हुए थे। मौका पाकर चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखी 40 हजार रुपए की नकदी व आभूषण चोरी कर लिये। शनिवार को जब इंतजार अहमद घर आये तब उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# हेज़लमून स्कूल में हुआ मैथ्स क्विज़ कम्पटीशन



**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस मैथ्स क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें कार्नेलियन हाउस प्रथम स्थान पर रहा। इस कंपटीशन में कार्नेलियन हाउस से आरुषि राजपूत, अदीब अहमद, दर्श राज, ध्रुव यादव, सिट्रीन हाउस से अनघ गोयल, हमज़ा शोएब, फ़ायज़ा इस्माइल, कार्तिकेय,एमेरल्ड हाउस से विभु चौधरी, नैतिक तोमर, पीहू दुबे, सिमर कौर, सफायर हाउस से दक्ष अग्रवाल, स्वास्तिक अग्रवाल, स्पर्श त्यागी और अरनव शर्मा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत गणितीय प्रतिभा, तर्कशक्ति एवं त्वरित सोच का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद कार्नेलियन हाउस को प्रथम स्थान, सफायर हाउस को द्वितीय स्थान तथा एमेरल्ड हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## गणित केवल संख्याओं का खेल नहीं

विद्यालय की निदेशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि यह मनुष्य के मस्तिष्क को तार्किक और रचनात्मक बनाता है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें सोचने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान कराती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने कहा कि गणित और जीवन दोनों समस्या के साथ समाधान लेकर आते हैं। हमें समस्याओं को महत्व न देते हुए समाधान के विषय में सोचना चाहिए।

# वाहन का पहिया सिर के ऊपर से उतर जाने से बच्ची की मौत

नांगल सोती ( चिंगारी )। ग्राम सराय आलम निवासी सलीम की ढाई वर्षीय बच्ची अलीजा आज सुबह लगभग 9 बजे अपने घर के सामने खेल रही थी। उसके पिता ने घर में ही परचून की दुकान कर रखी है। भागूवाला से सटे ग्राम श्यामीवाला का निवासी अब्दुल समी अपने पिकअप वाहन से वहां बेकरी का सामान सप्लाई करने आया था। पिकअप वाहन सलीम के घर के सामने खड़ा था। जब वह सलीम सहित अन्य दुकानदारों को सामान दे रहा था, तभी मासूम अलीजा खेलते-खेलते पिकअप के नीचे जाकर खड़ी हो गई। सामान सप्लाई करने के बाद समी वापस अपने वाहन पर आया, तो उसे नहीं पता था कि वाहन के नीचे कोई खड़ी है। उसने वाहन को आगे बढ़ाया, तो मासूम अलीजा के सिर के ऊपर से पिकअप का पहिया उतर गया। परिजन तुरंत उसे लेकर मंडावली स्थित हॉस्पिटल में पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और बच्ची के पिता से वार्ता की। सलीम ने बताया कि वे लोग कोई कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहते हैं।



सलीम के घर पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

# 14 नवंबर को ताजपुर में लगेगा रोजगार मेला

बिजनौर( चिंगारी )। राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने बताया कि 14 नवंबर 2025 को प्रात: 10 बजे से आरजीएनपी इंटर कॉलेज, राजा का ताजपुर, जिला बिजनौर में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दर्जनों प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर जनपद के बेरोजगार युवाओं को उनकी इच्छा एवं योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। अत: जनपद के ऐसे सभी युवक-युवतियों से अपेक्षा है कि वह अपने समस्त प्रमाण-पत्रों के साथ 14 नवंबर 2025 को रोजगार मेले में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# बदलाव चाहता है बिहार

## हुमायूं बेग ने खूब किया प्रचार



बिजनौर ( चिंगारी )। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग ने बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिये जमकर प्रचार किया। द्वितीय चरण के चुनाव में उन्होंने बिहार के बरारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी तौकीर आलम के समर्थन में जोरदार प्रचार किया। इस दौरान हुमायूं बेग ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और कांग्रेस गठबंधन की नीतियों को जनता के बीच रखा।

बिहार चुनाव से लौटकर हुमायूं बेग ने कहा कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस गठबंधन ही राज्य को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के पहले चरण में जनता ने बदलाव के लिये पलायन, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर मुखर होकर मतदान किया है। दूसरे चरण में भी नीतीश कुमार की खटारा सरकार को बदलने के लिये वोट करेगी।

हुमायूं बेग ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। वहां की जनता बदलाव चाहती है। नीतीश कुमार के 20 साल के कुशासन से जनता ऊब चुकी है। भाजपा ने चुनाव में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का पूरा प्रयास किया, लेकिन बिहार की जागरूक जनता को बरगलाया नहीं जा सका। बिहार के मतदाता राजनैतिक रूप से बहुत सजग हैं। अगर कोई और गड़बड़ी नहीं हुई तो 14 नवम्बर को बिहार को तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

# पकड़ा गया गोली मारने का आरोपी सलमान, पुलिस ने किया चालान

नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नवादा निवासी महिला उषा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गत 26 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना निवासी युवक कुनाल पुत्र अशोक उसके पुत्र अनुज को घर से बुलाकर ले गया। यह दोनों जब ग्राम सैदपुर चौराहे से नंगली पथवारी गांव की ओर चले तो वहां पहले से मौजूद सलामन निवासी मोहल्ला कबीरनगर नूरपुर मिला। इस दौरान कुनाल व अनुज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि उक्त युवकों ने अनुज को पकड़कर उसके पेट में गोली मार दी। गम्भीर हालत में अनुज को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने नाजुक हालत में उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। अनुज का उपचार मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों युवकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने शनिवार को घटना के एक आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।



पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी का चालान कर दिया।

# राहु नंगली में सिखों में खूनी संघर्ष

## एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला,कई घायल

नूरपुर ( चिंगारी )। ग्राम राहुनंगली में सिख समाज के दो गुटों में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। खूनी संघर्ष देखकर गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव राहुनंगली निवासी सिख समाज के लोगों में आपस में ही किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें दोनों तरफ से परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, परमजीत सिंह, हरचरण सिंह, मनदीप सिंह व दूसरे पक्ष के गुरमीत सिंह, गुरचरण सिंह, तिलक सिंह, गजेन्द्र सिंह, करतार सिंह, गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। डॉक्टर ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल में इलाज के लिए रैफर कर दिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। इसी बात को लेकर एक-दूसरे के ऊपर तलवार से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों तरफ से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

## गंगदासपुर के छात्रों का अच्छा रहा प्रदर्शन



बिजनौर ( चिंगारी )। कम्पोजिट विद्यालय, अगरी में शैक्षिक सत्र 2025-26 की न्याय पंचायत का शुभारंभ श्री प्रशांत शर्मा अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय अगरी ने 50 मीटर रेस को हरी झण्डी दिखाकर किया।

प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगदासपुर के छात्रों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा।

गोला फेंक व चक्का फेंक में आयान गंगदादसपुर ने गोल्ड मेडल जीता, 100 मीटर रेस में प्रिंस गंगदासपुर व 600 मीटर रेस में अमन गंगदासपुर ने गोल्ड मेडल जीता।

प्राथमिक विद्यालय वर्ग खो-खो में कम्पोजिट विद्यालय अगरी व जूनियर बालक वर्ग खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगदासपुर ने गोल्ड मेडल जीता। गंगदासपुर टीम के कोच ओमप्रकाश ने बताया कि अब टीम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनी करेगी। जीतकर आयी टीम में अमन, शाहरुख, प्रिंस, रिंकू, आमिर, प्रियांशु, हिमांशु, जुबैर, कार्तिक आदि रहे। गंगदासपुर प्रधानाध्यापक श्री धीरेन्द्र कुमार व समस्त स्टाफ ने छात्रों को बधाई दी।

# ऐसे पिता पर थू!

## 6 साल की बेटी के साथ किया दुष्कर्म

**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल की बालिका के साथ उसके ही पिता द्वारा दुष्कर्म किये जाने का शर्मनाक मामला प्रकाश में आया है। हालत बिगड़ने पर बालिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। कल दोपहर बाद गांव के प्रधान ने किरतपुर पुलिस को मामले की सूचना दी। खबर मिलते ही किरतपुर पुलिस और एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी युवक नशेड़ी है, जिसका अक्सर अपनी पत्नी से विवाद रहता था। विवाद के चलते ही महिला अपनी आठ साल और छह साल की बेटियों, दो साल के बेटे को छोड़कर मायके चली गई थी। अब दोनों बेटियां और बेटा पिता के पास ही रह गए। तीनों बच्चे कभी चाची, तो कभी पड़ोसियों के घर में खाना खाकर पेट भर लेते। कल छह साल की बालिका बिस्तर से उठ नहीं पाई, जिस पर उसकी चाची ने जाकर देखा तो उसकी हालत खराब मिली। बालिका ने पूरा वाकया अपनी चाची को बताया। इसके बाद पीड़िता की चाची ने ग्राम प्रधान को खबर दी और ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसके साथ ही बालिका को किरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए रैफर किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की चाची की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आईईसी), बिजनौर ने लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के सहयोग से आयोजित 'इंटरनेशनल समिट ऑन एम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट टुवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर (IS-EDESM 2025)' का सफलतापूर्वक समापन किया। दो दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। यह इंटरनेशनल समिट ऑन एम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट टुवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर (IS-EDESM 2025) शीर्षक के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री एल.एम. सिंह (डीजीएम, बीएसएनएल) और विशिष्ट अतिथि श्री राजीव कुमार रवि (एजीएम, बीएसएनएल बिजनौर), प्रो. जेपी पांडे, प्रो. डॉ. नीलेन्द्र बादल (निदेशक, आईईसी बिजनौर), एन.के. सिंह (आईईसी बिजनौर), प्रो. डॉ. अमित कुमार बंसल (समिट चेयर एवं निदेशक, केएसवीसीईएम) ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन दो महत्वपूर्ण विषय इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स और बायोटेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड साइंसेज पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें ट्रैक-4 बायोटेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड साइंसेज में डॉ. अनिल सिंधु, डॉ. संगीता सिंधु और डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. असिता एलेंगोए (बायोटेक्नोलॉजी विभाग प्रमुख, लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया, डॉ. मनीष सिंह राजपूत और डॉ. महेंद्र सिंह कौरव ने सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ईशान भारद्वाज ने किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, गौरव गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

# 40 साल तक सेवा करने वाले 'मिल वाले डॉक्टर' को ससम्मान विदाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आर्य परिवार ने लगभग 40 वर्ष तक क्षेत्रवासियों को चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के बाद अपनी जन्मभूमि (उड़ीसा) को जाने वाले क्षेत्र में मिल वाले डाक्टर के नाम से मशहूर डा. एसएस मिश्रा को ससम्मान विदाई दी। बीती रात ग्राम स्याऊ में पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी व ठा. रायबहादुर आर्य के आवास पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केके गुप्ता की अध्यक्षता एवं ठा. रायबहादुर आर्य के संचालन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने डा. एसएस मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी। क्षेत्र के प्रमुख उधमी निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता ने कहा कि डा. एसएस मिश्रा की गिनती क्षेत्र के मुख्य चिकित्सकों में आती है, क्षेत्र के लोगों को उन पर बहुत विश्वास था। क्षेत्रवासी उनकी कमी हमेशा महसूस करेंगे। पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी ने कहा कि डा. एसएस मिश्रा के चांदपुर छोड़कर अपने घर उड़ीसा जाने की



खबर से क्षेत्र के लोगों में मायूसी है। ठा. रायबहादुर आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि डा. एसएस मिश्रा नवम्बर 1985 में शुगर मिल चांदपुर में चिकित्सक के रूप में आये थे। वर्ष 2008 में सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने शुगर मिल के सामने प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। चिकित्सा के क्षेत्र में उनका बहुत नाम रहा। अपने सम्बोधन में डा. एसएस मिश्रा ने कहा कि 40 वर्ष वे चांदपुर में रहे, यहां के लोगों से मिले प्यार को वे कभी भूला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे जीवन पर्यन्त क्षेत्र के लोगों के सम्पर्क में रहेंगे। कार्यक्रम में निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, केके गुप्ता, विजयपाल सिंह चेयरमैन, राकेश अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह चौहान, डा. कपिल तोमर, बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार चौहान एडवोकेट, विजय चौहान एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, विभोर मित्तल, गजराज सिंह, केबी सिंह, महेन्द्र गोयल, डा. रणजीत सिंह, डा. तेजपाल सिंह, अतुल भाटिया, संजय भाटिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में ठा. रायबहादुर आर्य, उनकी पत्नी पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी व पुत्र ठा. हर्षित बहादुर आर्य ने डा. एसएस मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी व उनके स्टाफ को अंगवस्त्र प्रदान कर ससम्मान विदाई दी।

# क्रिकेट लीग के दूसरे दिन चांदपुर की टीम जीती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में और बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा बिजनौर में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर – 19 जिला स्तरीय लीग प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन स्टेडियम B व चांदपुर तहसील के बीच मैच खेला गया, जिसमें स्टेडियम B ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाए, जिसमें आदर्श ने 38, देवांश ने 29, कबीर वशिष्ठ ने 28 रन बनाए। चांदपुर की ओर से वैभव तोमर ने 4 व आरुष तोमर ने 3 विकेट लिए। जवाब में चांदपुर की टीम ने 26.4 ओवरों में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से विजय प्राप्त की। चांदपुर की जीत में निगम ने 27, मनदीप ने 29, अभिनव ने 27 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्टेडियम B की तरफ से साबिर, उमर, अंश ने 2-2 विकेट लिए। आज का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि योगेन्द्रपाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश ने दिया। अंपायर अमित कुमार और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। इस अवसर पर नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, दीपक भटनागर, तुषार मालिक, नासिर, ज्ञान वर्मा, पुनिश कुमार आदि उपस्थित रहे।








## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 10 नवम्बर 2025**

मेष- आज दिन 1/03 बजे तक व्यवस्थित, परिस्थितियाँ अनुकूल, मित्रों से सहयोग, लाभ का सुयोग भी, शेष समय विपरीत, कार्य अधूरे, मान-सम्मान में कमी।

वृषभ- कार्य-व्यवसाय में सफलता, धर्म में आस्था, मनोरंजन में रुचि, पारिवारिक खुशी, मित्रों से सहयोग, बकाए धन की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

मिथुन- स्वास्थ्य अनुकूल, कार्य प्रगति पर, आमोद-प्रमोद, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, संत समागम, नूतन-पुरातन मित्रों से योजना पर विचार-विमर्श, प्रसन्नता।

कर्क- आज दिन 1/03 बजे तक उलझनें, आपसी संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, धन हानि, कष्ट, शेष समय आशाजनक, सामाजिक गतिविधियों में रुझान।

सिंह- आज दिन 1/03 बजे तक विनियोजित धन का प्रतिफल, परिश्रम के अनुरूप सफलता, शेष समय असंतोषजनक, विवाद की आशंका, उपलब्धि में विलम्ब।

कन्या- विचाराधीन योजना कार्यरूप में परिणित, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी सलाह से कामयाबी, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि।

तुला- कठिनाइयों की निवृत्ति, मनोवांछित सफलता का सुयोग, धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक कार्य में रुचि, यात्रा प्रसंग, यश में वृद्धि।

वृश्चिक- आज दिन 1/03 बजे तक कार्यों के प्रति उदासीनता, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, हानि की आशंका, शेष समय अनुकूल, व्यापार में धन निवेश, सुसमाचार की प्राप्ति।

धनु- आज दिन 1/03 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, व्यावसायिक प्रगति, धन लाभ, शेष समय प्रतिकूल, आर्थिक हानि, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, यात्रा कष्ट।

मकर- व्यवसायिक अनुकूलता, पारिवारिक कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास आवश्यक, मनोविनोद का सुयोग, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त।

कुम्भ- आर्थिक प्रगति, नवयोजना पर मित्रों-स्वजनों से विचार-विमर्श, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, संभावित यात्रा सुखद, मन प्रसन्न।

मीन- आज दिन 1/03 बजे उलझनें, व्यापारिक हानि, क्रोध की अधिकता, अपव्यय, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य बनने की ओर, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दो मैच आयोजित किये



एमएम इंटर कॉलेज में आयोजित हॉकी मैच के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

**नगीना (चिंगारी)।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर अलग-अलग दो हॉकी मैचों का आयोजन किया गया। गर्ल्स टीम का मैच बराबरी पर छूटा, जबकि दूसरा मैच शाइनिंग ओल्ड टीम ने जीता।

एमएम इंटर कॉलेज के मैदान पर शाइनिंग हॉकी क्लब की ओर से आयोजित हॉकी मैचों का विधिवत शुभारंभ चेयरपर्सन ताहिरा बेगम व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने हॉकी खेलकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच शाइनिंग गर्ल्स टीम व एमएम इंटर कॉलेज गर्ल्स टीम के बीच हुआ, जो निर्धारित समय पर बराबरी पर रहा। दूसरा मैच शाइनिंग ओल्ड बॉयस टीम व शाइनिंग यंग बॉयस टीम के बीच हुआ, जिसे शाइनिंग ओल्ड बॉयस टीम ने 1-0 से जीत लिया। विजेता खिलाड़ियों को चेयरपर्सन ताहिरा बेगम, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ खां, लाला विनोद कुमार अग्रवाल आदि ने पुरस्कृत किया। एमएम इंटर कॉलेज गर्ल्स टीम की ओर से सुधा, खुशबू, कनिका, कशिश, हिमांशी, संध्या, रुखसार, रौनक, आगरा, शरफ अंजुम, रिया, रिदा शाइनिंग गर्ल्स की ओर से शिफा कुरैशी, जिक्रा, अदीबा, लायबा, हिफ्ज़ा, अफीफा, जोया, इल्मा, मायशा, अफशा, सानिया, आफिया, रहनुमा, मुबाशरा, नबिया, अल्फिशा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर लाला विनोद कुमार अग्रवाल, शाहिद अली गौहर, जुबेर ज़ैदी, अफसार सिद्दीकी, परवेज़ आदिल माही, डॉ. शेख नगीनवी, अरशद प्रिंस, जावेद हुसैन, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद शानू, शेख जमशेद आदि मौजूद रहे।



हॉकी खिलाड़ी व शिक्षाविद् परवेज आदिल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करतीं चेयरपर्सन ताहिरा बेगम।

## शहीद रविन्द्र गुर्जर को अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के उलेढ़ा गांव में वीर अमर शहीद सैनिक रविंद्र गुर्जर की द्वितीय पुण्यतिथि पर हवन /यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिनमें वीर शहीद सैनिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शनिवार को वीर अमर शहीद रविंद्र गुर्जर के समाधि स्थल पर आयोजित हवन/यज्ञ के पंडित सोनू शर्मा पुरोहित रहे, जबकि अमित कुमार, मांगेराम, लक्ष्मीचंद यजमान बने। तत्पश्चात एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज विदुर कुटी के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी एडवोकेट और विशिष्ट अतिथि बिजनौर क्षेत्र लोकसभा सांसद चंदन चौहान रहे। उन्होंने समाधि स्थल तक सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था करने के साथ ही सैनिक परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को दिलाने का वादा किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीद की पत्नी और माता सुरेश देवी की आंखें नम हो गईं। बच्चे अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दुःख और गर्व महसूस कर रहे थे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार योगी, डॉ. नरेशपाल सिंह, राजीव विश्वकर्मा, शिवअवतार सिंह, अमित कुमार, सीताराम, रालोद नेता कुलदीप चिकारा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश प्रधान, हनी तोमर, रवि ढाका एडवोकेट आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर मेरठ से पधारे महाशय सुंदर सिंह और मोहित पटेल ने देशभक्ति की रागनियां और भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कुशल संचालन मा. जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मालूम हो कि वीर अमर शहीद सैनिक रविंदर का जन्म 2 फरवरी 1992 को उलेढ़ा गांव में हुआ था। 20 अक्टूबर 2012 को राजपूत रेजीमेंट में प्रशिक्षण के दौरान 5 बटालियन राजपूत रेजीमेंट में इनका प्रथम पोस्टिंग हुआ। 8 नवंबर 2023 को दिल्ली के आरआर हॉस्पिटल में इनका निधन 31 वर्ष की अवस्था में हुआ। परिवार में पिता मांगेराम, माता सुरेश देवी, पत्नी पूजा देवी और दो बच्चे हैं।

## गायत्री परिवार की ब्लॉक समन्वय समिति में मनोनयन

**बिजनौर (चिंगारी)।** गायत्री परिवार जिला बिजनौर समन्वय समिति के कार्य को विस्तारित करने के लिए ब्लॉक मो.पुर देवमल के गांव शहबाजपुर में गोष्ठी सम्पन्न हुई।

वरिष्ठ गायत्री परिजन सुरेन्द्र सिंह वकील साहब के द्वारा अध्यक्षता और संचालन सोमेश्वरदत्त शर्मा पंकज द्वारा किया गया।

गोष्ठी में श्री इन्द्रदेव शर्मा जिला सहसमन्वयक विशेष अतिथि रहे।



संचालक सोमेश्वरदत्त शर्मा के द्वारा 'नव युग के संविधान' का पाठ करवाने के पश्चात सभी उपस्थित परिजनों को सम्बोधित करते हुए गोष्ठी के उद्देश्य --

और वर्तमान समय में युग निर्माण योजना मिशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समय, दान एवं अन्नदान की महती आवश्यकता बताई। विशेष अतिथि इन्द्रदेव शर्मा ने मिशन के विस्तारीकरण के लिए ब्लॉक समन्वय समिति के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। ब्लॉक समन्वयक श्री नरेश कुमार सैनी के सहयोग हेतु सहसमन्वयक मनोनीत हुए सर्वश्री लालेन्द्र सिंह, हरिओम, अर्जुन सिंह, देवेन्द्र सिंह और रोहिताश सिंह। युवकों को समिति में समाविष्ट करने के उद्देश्य से अनुज कुमार गोयल जिला युवा समन्वयक के सहयोग हेतु सहयुवा सम्मन्वयक मनोनीत किए गए, जिनमें योगेश शर्मा, रिंकू, अमित कुमार, अशोक कुमार रहे। जिला समन्वयक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह वकील साहब के सहयोग हेतु सर्वश्री कृपाल सिंह, चन्द्रबोस सिंह, नरेश सिंह, चुन्नु सिंह तथा ज्ञानदत्त शर्मा मनोनीत हुए। परमपूज्य सद्गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के द्वारा प्रकाशित की गई मासिक/पाक्षिक पत्रिकाओं के सदस्य बढ़ाने के लिए सर्व श्री ज्ञानदत्त और लालेन्द्र ने स्वयं को प्रस्तुत किया। मिशन के अतिमहत्वपूर्ण आन्दोलन आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी को महिलाओं में प्रचारित करने हेतु सर्वसम्मति से श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री इन्द्रराज सिंह को इस कार्य हेतु मनोनीत किया।

# नजीबाबाद को मिली दूसरी वंदे भारत ट्रेन की सौगात

## भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते भाजपा नेता।

नजीबाबाद (चिंगारी)। लखनऊ से सहारनपुर के बीच संचालित वंदे भारत ट्रेन का नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर नगर के जनप्रतिनिधि व रेल अधिकारियों ने स्वागत किया। शनिवार को लखनऊ से सहारनपुर के लिए 26504 व सहारनपुर से लखनऊ के लिए 26503 नंबर दिया गया है। लखनऊ से वंदे भारत ट्रेन आठ नवंबर को सवेरे आठ बजे सहारनपुर के लिए रवाना हुई, जो नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर दोपहर को करीब 2:30 बजे पहुंची। रेलवे के एडीईएन जेपी सिंह, स्टेशन अधीक्षक आरडी मीना की देखरेख में वंदे भारत ट्रेन के स्वागत की तैयारी की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी से वर्चुअल उद्घाटन किया। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से रवाना होकर सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद होते हुए नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का फूल वर्षा करके व , तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान वंदे भारत के स्वागत में स्टेशन पर देश प्रेम के तराने गूंजें तथा जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, भाजपा नगराध्यक्ष नकुल अग्रवाल, सरदार बलवीर सिंह, विहिप नेता ऋषिपाल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, अजीत सिंह, राजन टंडन गोल्डी, सुभाष चंद्र, विवेक शर्मा, आशु, नमन गुप्ता, रोहित सागर, जतिन, संजय त्यागी, सहित नगर के जनप्रतिनिधि एवं रेल अधिकारी उपस्थित रहे। ट्रेन के प्रथम आगमन के स्वागत में स्टेशन परिसर राष्ट्रीय ध्वजों, गुब्बारों व बैनरों से सजाया गया। इस दौरान उत्तर रेलवे के पूर्व सदस्य एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार बलवीर सिंह ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व रेल मंत्री राम विलास पासवान के कार्यकाल में दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन एवं जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नजीबाबाद में किया गया था।


### कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )

दिनांक-29/10/2025

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्‌वारा सूचित किया जाता है कि सरवरी पत्नी शमीम अहमद निवासी ग्राम बोरेकी तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर द्वारा अपनी सम्पत्ति (प्लॉट-स्थित मौ0 पासबान जलालाबाद) नगर पंचायत जलालाबाद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूचीं अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु बजरिये बैनामे के आधार पर आवेदन पत्र दिया है। अतः प्रभावित पक्षों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम दर्ज करने में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह पंचायत कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित अपने दावों प्रस्तुत कर सकते है। अपूर्ण दावा/आपत्ति एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद, बिजनौर**





राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चौहान का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## भारतीय किसान संगठन एकता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चौहान का नजीबाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। वह संगठन के पदाधिकारी वसीम मकरानी (साहनपुर) की बहन की शादी में शामिल होने आए थे। उनका मंडल प्रभारी मुरादाबाद फुरकान खां के आजाद नगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चौहान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसानों के साथ जनसमस्याओं को हल कराने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत रहें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, अफसर कुरैशी, समीर, सरफराज मंसूरी, इकराम अंसारी, ताहिर मकरानी, हाफिज खलील, मरगूब, सरफराज, नवाजिश, तौसीफ, इस्तेखार, अमीर हसन आदि मौजूद रहे।

## एमडीएस के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये विवेक कुमार, शरद कुमार व समीर अंसारी ने पाया स्थान



विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों के साथ छात्र।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के एमडीएस इंटर कॉलेज में सीनियर, जूनियर व सब जूनियर वर्ग के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लगभग 80 वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये, जिसमें बहुत से मॉडल बच्चों ने जनसाधारण के उपयोग के लिए बहुत अच्छे ढंग से पेश किये। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में विवेक कुमार प्रथम, शरद कुमार द्वितीय, समीर अंसारी तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में आयुष प्रथम, ऋतिक प्रजापति द्वितीय, मयंक तृतीय तथा सब जूनियर वर्ग में लक्ष्य तोमर प्रथम, रक्षित चौहान द्वितीय, हिमांशु चंद्रा तृतीय रहे। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 28 मॉडल, जूनियर वर्ग में 26 मॉडल व सब जूनियर वर्ग में 36 मॉडल शामिल रहे। अनिल योगी प्रवक्ता रसायन विज्ञान इस आयोजन के प्रभारी रहे। सभी विजेता छात्रों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अन्य सभी बच्चों को प्रतिभागिता करने के लिए प्रमाण पत्र दिये गये। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, उप प्रबंधक नीरज जैन, प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार माहेश्वरी, नरेश वैद्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक रहे जीव विज्ञान प्रवक्ता प्रमोद कुमार, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता अनुज चौहान, लोकेंद्र रंजन, अशोक कुमार, छत्रपाल सिंह, मनोज कुमार ने प्रदर्शनी में मॉडल बनाने वाले बच्चों से प्रश्न पूछे तथा अपने स्तर से सभी का मूल्यांकन करके विजेताओं के नाम प्रस्तुत किये। प्रबंधक अतुल बहादुर सक्सेना ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मॉडलों की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रधानाचार्य अनुपम महेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रमाण पत्र तैयार करने में पवन सागर, दिवाकर, शिव कुमार, केशव चंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार, अनुज चतुर्वेदी का विशेष सहयोग रहा।

## कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से एसआईआर का कार्य करें: भूपेंद्र बॉबी



कार्यकर्ताओं की बैठक में विचार रखते जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। एसआईआर के निमित्त विधानसभा नजीबाबाद के कार्यकर्ताओं की यह कार्यशाला स्वयंभू मोटा मन्दिर परिसर में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमल सैनी एवं संचालन महामंत्री सचिन देशवाल ने किया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बाबी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से मतदाता का गहन पुनरीक्षण का कार्य करें। बीएलओ का सहयोग करते हुए शुद्ध मतदाता सूची बनवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य हमें शक्ति केंद्र बूथ स्तर पर मजबूती से करना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को पूरे मनोयोग से जुटने की आवश्यकता है। इस अवसर पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, जिलामंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश कुमार, देवेंद्र सिंह, बृज कुमार चेयरमैन गन्ना समिति, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय, डॉ. भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, अवनीश जोशी एड., अरविन्द विश्वकर्मा, डॉ. रितेश सैन, दीपक वाल्मीकि, दीपक कर्णवाल, राजेन्द्र सिंह, मुकुल रंजन दीक्षित, आर्य वीरेंद्र शर्मा, अनुज चौधरी, मनोज राणा, अंकित राजपूत, इन्दू राजपूत, सुविधा भटनागर, गीताराज, गायत्री निराला, आशु अग्रवाल, नमन गुप्ता, अंकित वशिष्ठ एड., ओमकार सिंह, तपेश्वर सिंह, सचिन देशवाल, राजकुमार प्रजापति, संजीव राठी, मुकेश अग्रवाल, नरपाल सिंह, डॉ. अशोक गहलौत, राहुल चौहान, कृष्णपाल सिंह, शिवम चौहान, मोहित चौहान, महबूब मलिक, तासिम राईन, राजवीर चौहान आदि उपस्थित रहे।

## अपना दल (एस) की बैठक में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम महावतपुर में शनिवार को अपना दल (एस) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने करते हुए ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार आम जनता के हित में कई योजनाए चला रही हैं-जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना व स्वच्छ भारत मिशन आदि। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह गांव-गांव जाकर लोगों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर पात्र परिवारों को आवेदन की प्रक्रिया में सहयोग दें। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की समस्याएं सामने रखीं। जिला अध्यक्ष ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर हल का आश्वासन दिय।



बैठक में मौजूद पार्टी के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता।

# मुफ्ती शमून कासमी के पुत्र के रिसेप्शन में पहुंचे धामी और भी कई हस्तियां पहुंचीं नामी-गिरामी





**बिजनौर/रामनगर ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन मुफ्ती शमून कासमी के साहबजादे सलमान कासमी की शादी खाना आबादी सदा तनवीर के साथ सम्पन्न हुई। इस उपलक्ष्य में रामनगर के तरंगी रिजॉर्ट में रिसेशन ( वलीमा ) कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी वर-वधू को शुभकामनाएं एवं अपना आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजु ने 2 नवम्बर को आयोजित निकाह सेरेमनी के अवसर पर उत्तराखण्ड निवास में मुफ्ती शमून कासमी और उनके सुपुत्र सलमान कासमी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। सलमान कासमी के रिसेप्शन में उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश सहित देश की अनेक हस्तियों ने पहुंचकर नवदम्पति को सुखद जीवन के लिये अपनी शुभकामनाएं दीं। मुफ्ती शमून कासमी ने अपने पुत्र के विवाह संस्कार के अवसर पर आयोजित समारोह शुभाशीष प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजु सहित सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी स्नेहपूर्ण उपस्थिति और आशीर्वचन ने समारोह की शोभा को और बढ़ा दिया। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। चिंगारी परिवार सलमान व सदा तनवीर के सुखमय जीवन की कामना करता है।



# दो हादसों में महिला सहित तीन व्यक्ति घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** धामपुर मार्ग पर रविवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम कासमपुर लेखराज थाना नहटौर निवासी शमशीद पुत्र (40 वर्ष), शमशीद पुत्र तौफीक शाह दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। फेरी का काम करते हैं। रविवार की प्रातः ठेली लेकर अपने गांव से फेरी करने के लिए निकले थे। जब उनकी ठेली नहटौर-धामपुर मार्ग पर मोहल्ला जोशियान में पहुंची तो पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। उनकी ठेली क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची दोनों घायलों को सीएससी में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत देखकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

इसके अलावा ग्राम बैरमनगर निवासी जफर पुत्र कमरुद्दीन (40 वर्ष) अपनी पत्नी इस्लामी पत्नी जफर अपनी बाइक से नहटौर-धामपुर मार्ग से होते हुए अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। ग्राम दुगरी के निकट पीछे से आ रही तीव्र गति से कार ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों दंपति घायल हो गए। घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# झालू के मंदिरों में फिर चोरी



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में चोर लगातार मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। एक बार फिर चोरों ने शुक्रवार व शनिवार की शाम दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए उनके दानपात्र तोड़कर चोरी कर ली। नगर के रामलीला मैदान में स्थित हनुमान मंदिर और मोहल्ला चौधरियान स्थित शिव मंदिर में चोरों ने लोहे का गल्ला तोड़कर उनमें रखी हजारों रुपए की नकदी साफ कर दी। सूचना मिलते ही धर्मप्रेमियों व श्रद्धालुओं में रोष उत्पन्न हो गया, वहीं मंदिर कमेटी के लोग भी बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से बेहद गुस्से में हैं। नगर के हनुमान मंदिर में शुक्रवार को घटना को अंजाम दिया गया, वहीं मोहल्ला चौधरियान स्थित शिव मंदिर में शनिवार को घटना को अंजाम दिया गया। लोहे का गल्ला जिस तरह से तोड़ा गया है उसको देखकर लगता है कि चोर ने बड़े आराम से घटना को अंजाम दिया है। नगर में इससे पहले भी कई बार कई मंदिरों के दानपात्र तोड़े गये हैं और पुलिस हर बार चोर को पकड़ने में नाकाम रही है।

## शुक्रवार को ही दिया जाता है घटना को अंजाम

**झालू।** नगर में जितनी भी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है, उनमें ज्यादातर उनका दिन शुक्रवार ही होता है, नगर में शुक्रवार को पैठ का बाजार भरता है, जिससे ज्यादातर लोग अपनी खरीदारी आदि में व्यस्त रहते हैं और नगर में भीड़-भाड़ सी भी रहती है। जिसका फायदा अक्सर चोर उठा लेते हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस अगर शुक्रवार को पहले से ही अलर्ट रहे तो हो सकता है, इन घटनाओं को रोका जा सकता है।

## पत्रकारों से घटना छुपाने में लगी रहती है झालू पुलिस

नगर की पुलिस कोई घटना होने पर पत्रकारों से घटना को छिपाने की पूरी कोशिश करती है, शुक्रवार को हुई मंदिर में चोरी होने के बाद झालू पुलिस बाजार में पहुंची और चोर की तलाश करने लगी। लेकिन पत्रकारों के पूछे जाने पर गुमराह करती रही। सूत्रों ने बताया कि पहले चोरी होने पर पुलिस ने कई बार मंदिर कमेटी के लोगों से भी पत्रकारों तक सूचना न पहुंचने देने का आग्रह किया है। जिसके चलते अक्सर मंदिर कमेटी के लोग चौकी पर तहरीर तक नहीं देते हैं।

# चांदपुर-बास्टा मार्ग पर हो रहे गड्ढों ने बाइक सवार की जान ली

चांदपुर (चिंगारी)। चांदपुर-बास्टा मार्ग पर हो रहे गड्ढों ने एक युवक की जान ले ली। युवक की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम भगौड़ा निवासी वीरेन्द्र सिंह 28 वर्ष पुत्र शेर सिंह चांदपुर में चाय की दुकान पर काम करता था। बीती रात वह मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि चांदपुर-बास्टा रोड पर ग्राम लुहारपुरा बिजलीघर के पास सड़क में हो रहे गड्ढों के कारण मोटरसाइकिल के फिसल जाने से वीरेन्द्र सिंह के सिर में चोट लग जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वीरेन्द्र सिंह की मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया। लोगों का कहना था कि यदि वीरेन्द्र सिंह ने हेलमेट लगाया होता तो उसकी जान बच सकती थी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बिजनौर।

पत्रांक 1503 /ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025–26 दिनांक 17.10.2025

### मैन्यूवल निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बिजनौर द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्यो के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में क्लास ए, बी, सी, डी एवं ई श्रेणी में पंजीकृत अर्ह ठेकेदार ही निविदा डालने हेतु अधिकृत होगें। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो की निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र में अंकित न्यूतम अर्हता एवं शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने का समय | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | विकासखण्ड–नजीबाबाद में गुलदारों से बचाव हेतु पिंजरे क्रय। | 5.70 | 0.12 | 766.00 | 1 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 2 | बिजनौर | विकासखण्ड– अफजलगढ़ में गुलदारों से बचाव हेतु पिंजरे क्रय। | 5.70 | 0.12 | 766.00 | 1 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 3 | बिजनौर | ग्रम पंचायत महमूदपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के हास्टल में सबमर्सिबल का निर्माण कार्य। | 1.047 | 0.03 | 589.00 | 1 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 4 | बिजनौर | अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय बिजनौर में 03 स्पिलिट ए0सी0 की स्थापना का कार्य । | 3.460 | 0.07 | 677.00 | 1 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख एवं शर्ते प्रखण्डीय कार्यालय में उपलब्ध रहेगी तथा निविदा दिनांक 10-11-2025 से 15-11-2025 तक सांय 4:00 बजे तक प्रखण्डीय कार्यालय में विकय होगी। बिड सिक्योरटी (मूल में) एवं अन्य वांछनीय निविदा प्रपत्र दिनांक 17-11-2025 को प्रातः 12:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बिजनौर के कार्यालय में जमा किये जायेगें। प्राप्त निविदायें दिनांक 17-11-2025 को अपरान्ह 12:30 बजे अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बिजनौर के कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त करने व खोलने का दिवस अगला कार्य दिवस होगा। विभागीय मेल आई0डी0–eeredbijnore@gmail.com

(फिरोज दोस्त)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बिजनौर।

R.O.No.240019 Date: 07-11-2025
UPID.www.upgov.nic.in

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

# धामपुर क्षेत्र के तीन छात्रों ने किया विद्या मंदिर का नाम रोशन

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव के अन्तर्गत प्रांत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता सर्वप्रथम विभाग स्तर पर नजीबाबाद में संपन्न हुई। उसके बाद प्रांत स्तर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बिलारी (मुरादाबाद) में संपन्न हुई, जिसमें मेरठ प्रांत के लगभग 16 जिलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

प्रांत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के पश्चात छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय स्तर (उत्तराखंड प्रांत, मेरठ प्रांत, ब्रज प्रांत) पर हरिद्वार में प्रतिभाग किया था उसमें प्रथम स्थान आने के पश्चात अखिल भारतीय स्तर पर सीतामढ़ी (बिहार) में प्रतिभाग किया और उसमें भी तीनों छात्रों हर्ष धीमान,प्रिंस राजपूत,अक्षित चौहान, ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का ही नहीं अपने प्रदेश का नाम



रोशन किया । पहले जिला बिजनौर फिर मेरठ, फिर उत्तराखंड, और अब बिहार को टॉप करने वाले होनहार रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज धामपुर के छात्रों का बिहार से जीतने पर विद्या मंदिर के छात्रों, अभिभावकों ने नगीना चौराहे पर पहुंचने पर ढोल की थाप पर फूल मालाओं से लाद कर तथा एक दूसरे को लड्डू खिलाकर स्वागत किया। नगीना चौराहे पर स्वागत के बाद रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज धामपुर में पहुंचे, जहां तीनों छात्रों का विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य और आचार्य द्वारा तिलक कर मालाओं से स्वागत किया गया।

## कागजों तक सिमट गई वेंडिंग जोन योजना

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर को अतिक्रमण मुक्त रखने के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में वेंडिंग जॉन और नॉन वेटिंग जॉन बनाए गए हैं, परंतु इनका पालन सुनिश्चित न किये जाने से यह योजना मात्र कागजों तक सीमित होकर रह गई है। नगर पालिका परिषद के लिपिक सुनील जोशी ने बताया कि प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में लगभग आधा दर्जन स्थान पर वेंडिंग जोन और नान वेंडिंग जोन बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह स्थान लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, जिससे ठेले चालक, ई-रिक्शा चालक आदि निर्धारित स्थानों पर खड़ा हो सके, इससे स्टीट वेंडरों को भी सुविधा रहेगी। लेकिन इस योजना का कोई लाभ किसी को भी नहीं मिल रहा है।




ट्रक पर दुर्घटना से बचाव हेतु रिफ्लेक्टर लगाते हुए।

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के पैराई सत्र का शुभारंभ होने के साथ जिला गन्ना अधिकारी व मिल अधिकारियों के द्वारा सभी गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने के अभियान की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, गन्ना महा प्रबंधक डीएसएम धामपुर ओमवीर सिंह, निरीक्षक मनोज चौहान आदि मौजूद रहे। यह अभियान पैराई सत्र के दौरान लगातार चलता रहेगा। प्रबंध तंत्र का कहना है कि कोई भी गन्ने का वाहन बिना रिफ्लेक्टर के केन यॉर्ड में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात के नियमों का पालन करें जिससे स्वयं भी सुरक्षित रहें और आम जनता भी सुरक्षित रहे। कोई भी किसान भाई, ट्रक चालक चीनी मिल से नि:शुल्क रिफ्लेक्टर प्राप्त कर सकता है।

# वंदे मातरम की जयंती पर हुआ विशेष कार्यक्रम

**हल्दौर ( चिंगारी )।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास पंकज ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता अर्जुन सिंह ने भावपूर्ण स्वर में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर समस्त वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता रघुराज सिंह नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी आस्था, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। इसके माध्यम से हम अपनी संस्कृति, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाते हैं।' उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रप्रेम और




अनुशासन को अपने जीवन का आधार बनाएं।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण जितेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, विक्रांत कुमार, विशाल चाहल, अभिनव चौधरी, अरुण डबास, स्वाति वर्मा, मानसी, प्रियंका, महिमा, नीरू, निशा पाल, तनु, वर्षा, गीता गंगवार, नमिता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## संस्कार सृजन स्कूल में मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संस्कार सृजन सीनियर सेकेंड्री स्कूल, ढालवाला में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गिरीश डोभाल द्वारा राज्य गीत के साथ रिबन काटकर किया गया।

विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए मनमोहक नृत्य, गीत, नाटक एवं लोक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश डोभाल, राज्यमंत्री, ऋषिकेश उत्तराखंड सरकार ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति हमारी पहचान है और हमें इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने मधुमक्खी पालन के फायदों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डोभाल ने कहा कि मधुमक्खी पालन न केवल रोज़गार का एक सशक्त माध्यम है बल्कि यह कृषि उत्पादकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और युवाओं को इस दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राकेश नौटियाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ज्योति सिंह, शेर सिंह थापा बृजेश राय, जयकृत सिंह रावत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# चिकित्सा शिविर आयोजित किया



चिकित्सा शिविर में मरीजों को देखते हुए डॉक्टर आदित्य अग्रवाल।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान द्वारा 186वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर दमयंती देवी नर्सिंग होम पर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ टैक्स कंसलटेंट मेहुल कुमार एवं व्यवसायी विनीत जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन व डॉ. अंशिका भारद्वाज ने 60 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। जिसमे 3 दिन की नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गयी। साथ ही शिविर में पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराकर कपड़े के बने थैले भी 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में हर्षित, सौरभ, आदित्य, लवी, कपिल, अखिलेश, जोगेंद्र, हिमांशु, साहिल, कपिल, अनुज, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ, आनंद आदि का योगदान रहा।

## बच्चों को स्वेटर वितरण 13 को

**धामपुर ( चिंगारी )।** दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के महिला प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम 13 नवंबर, गुरुवार को दोपहर 3 बजे संस्थान के प्रधान कार्यालय दमयंती देवी नर्सिंग होम पर होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए डॉक्टर आदित्य अग्रवाल व डॉक्टर मोनिका अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में दी गई सूचना के आधार पर चयनित सभी 190 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण रहेगा। चयनित सभी बच्चों के अभिभावक समय का ध्यान रखें।

# राज्य स्थापना की रजत जयंती पर भव्य समारोह आयोजित
# राज्य आन्दोलनकारियों एवं वीर नारियों को किया सम्मानित





**नैनीताल (चिंगारी)।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नैनीताल कलक्ट्रेट में भव्य समारोह का आयोजन कर राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, एडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य आंदोलनकारी और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में उत्तराखंड के सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए पारंपरिक लोक गीत, लोकनृत्य एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान सूचना विभाग की ओर से उत्तराखंड राज्य आंदोलन के वीर शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गईं थी जिन्हें देखकर लोग अति भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान इन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई तथा पुष्प अर्पित किये गये। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के परिवार जनों को पुष्पमाला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए राज्य आंदोलन कारी, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी, उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक उप जिला अधिकारी कैंचीधाम मोनिका, तहसीलदार अक्षय भट्ट सहित वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही स्कूलों के बच्चे व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## लोकगीत, लोकनृत्य, वाद्ययंत्रों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया

## देहरादून साहित्य महोत्सव 'लेखक गांव' में
### फूलों की घाटी में महकेंगे कविताओं के फूल

**रुड़की/देहरादून (चिंगारी)।** हिंदी के मूर्धन्य विद्वान सुरेश नीरव ने हिंदी साहित्य को सात समंदर पार तक ले जाने के लिए अखिल भारतीय सर्वभाषा समन्वय समिति नाम से दिल्ली में एक संस्था गठित की हुई है, जिसके माध्यम से उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय अधिवेशन किये हैं। वर्चुअल माध्यम से इस संस्था के कार्यक्रमो में विभिन्न देशों में रह रहे हिंदी प्रेमी रचनाधर्मी जुड़ते रहे है।

अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति आगामी 23 से 25 दिसम्बर तक अपना 23 वां राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तराखण्ड के 'लेखक गांव' में आयोजित करने जा रही है। जिसमें देश भर के साहित्यकार शामिल हो रहे हैं। सुभाषचंद्र सैनी के मुताबिक समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' होंगे जबकि अध्यक्षता प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उल्लेखनीय साहित्यिक सेवाओं के लिए साहित्यकारों को संस्था द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। रुड़की के वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र कुमार सैनी की साहित्यिक यात्रा पर भी यह संस्था विशेषांक प्रकाशित कर चुकी है। सुरेंद्र कुमार सैनी का मानना है कि देवभूमि उत्तराखंड जिसे साहित्य सृजन की उर्वरा भूमि भी कहा जाता है, में कविताओं के फूल उत्तराखंड की फूलों की घाटी की तरह महकेंगे जिनकी खुशबू सुदूर देशों तक वर्चुअल माध्यम से जाएगी।

## राज्य के शहीद आंदोलनकारियों की स्मृति में प्रदेशवासी पांच दीपक अवश्य जलायें : धामी

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुलिस लाइन में आयोजित राज्य के आंदोलनकारी सम्मान समारोह में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिवारजनों को सम्मानित किया। कचहरी परिसर शहीद स्थल और पुलिस लाइन देहरादून में इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि देवभूमि के लाखों लोगों के बलिदान, संघर्ष और तप का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी और रामपुर तिराहा जैसी दर्दनाक घटनाएं हमारे इतिहास के अमर अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासी अपने घरों में पांच दीपक राज्य आंदोलनकारियों की स्मृति में अवश्य जलाएं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य आंदोलन की भावना ही हमारी प्रेरणा है। उन्होंने सभी से इस प्रयास में सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, उपाध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद सुभाष बड़थ्वाल, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, राज्य आंदोलनकारी मौजूद थे।

## मगन कोहली की आंखों से दो लोग देखेंगे दुनिया

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** शुक्रवार को स्वर्गीय श्रीमती मगन कोहली (73 वर्ष) तिलक रोड, ऋषिकेश निवासी का निधन हो गया। उनकी बेटी श्वेता साहनी ने अपनी माता जी की आंखें दान करने की इच्छा जाहिर की और डॉ. राजीव ने निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट के श्री आत्म प्रकाश जी को सूचित किया। संस्थान की टीम के डॉ. रंग यादव, मकरंदु ने दिवंगत के निवास पर जाकर कॉर्निया प्राप्त किया। इस नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट प्रशासन ने परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की।



स्व. मगन कोहली

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

कार्यालय नगर निगम, हरिद्वार

पत्रांक:- 431/सै.सै./2025-26 दिनांक:- 07.11.2025

अपील

सभी क्षेत्रवासियों को नगर निगम हरिद्वार की ओर से उत्तराखण्ड स्थापना दिवस रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर नगर निगम हरिद्वार आपसे अपील करता है कि आपः-

✦ अपने घर एवं प्रतिष्ठान को ठोस अपशिष्ट गीता व सूखा कूड़ा पृथक-पृथक नगर निगम के डोर-टू-डोर स्वच्छता वाहन को ही दें।
✦ नगर निगम हरिद्वार द्वारा स्वच्छता कार्यों, डोर-टू-डोर सेवा हेतु उपभोक्ता शुल्क यूजर चार्ज के रूप में समय से देने का कष्ट करें एवं शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
✦ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दें। कपड़े, कागज अथवा जूट के बने बैगों/थैलों का प्रयोग करें।
✦ नाले/नालियों पर अतिक्रमण न करें व उनके अंदर कूड़ा आदि न डालें।
✦ गंगा नदी व घाटों के पास गंदगी न फैलायें न किसी को फैलाने दें।
✦ खुले में शौच न करें, शौचालयों का प्रयोग करें।

(नन्दन कुमार)
नगर आयुक्त
नगर निगम, हरिद्वार

(किरन जैसल)
महापौर
नगर निगम, हरिद्वार

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

## 326 अभ्यर्थियों ने कराया अपना पंजीयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला प्रशासन और सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में दूर दराज से आये बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया।

मेले का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तराखंड निर्माण के लिए राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को नमन करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई और राज्य के विकास के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिये जाने को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किये गये। तत्पश्चात सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन, श्रम विभाग के लगाए स्टालों में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। मुख्य सेवायोजन अधिकारी लैंसडाउन उत्तम कुमार ने बताया कि मेले में 27 कंपनियों ने बेरोजगार युवाओं को पंजीकृत कर मार्गदर्शन किया। वहीं पूरे जनपद के 325 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराकर रोजगार मेले का लाभ लिया गया। रोजगार मेले में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी, कमल नेगी व अरविंद दुदपुड़ी सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने भी सहयोग दिया।



शनिवार को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन करती प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष।

## छात्र गुटों में हुई मारपीट

**शनिवार को महाविद्यालय में अजीब स्थिति पैदा हो गई। एक ओर जहां रोजगार मेला शांतिपूर्वक चल रहा था, वहीं दूसरी ओर छात्र गुटों में किसी बात को लेकर हुई बहस मारपीट में बदल गई। छात्र एक दूसरे को मारने पीटने के लिए भागने लगे जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के छात्रों को कोतवाली ले आई। वहीं कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राज विक्रम पंवार ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

## डीबीएसजी जीयू में राज्य का स्थापना दिवस मनाया
## छात्र-छात्राओं की अनेक प्रतियोगिता का आयोजन कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वर्तमान में उत्तराखंड राज्य के सरकार द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती समारोह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को देहरादून स्थित डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय, पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल के छात्र शिवम रावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए विवि के कुलाधिपति प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि शिवम रावत के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भी सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विवि के छात्र-छात्राओं ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में,मोटा अनाज-आधारित बहु-व्यंजन खाद्य प्रदर्शन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तीसरा स्थान व ग्राफिक एरा डीम्ड विश्वविद्यालय में आयोजित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर पर समस्त विवि परिवार ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## पीजी कॉलेज कोटद्वार ने जेपीआर देहरादून को हराया
## चौथी बार फुटबाल चैम्पियन का ख़िताब पाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में चल रही श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल की पुरुष वर्ग की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता मेजबान राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार ने चौथी बार अपने नाम कर ली है। संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में पीजी कालेज ने जसपाल राणा देहरादून कॉलेज को 1-0 से हराया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गये। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार ने पीजी कॉलेज डाक पत्थर को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जसपाल राणा देहरादून कॉलेज ने भक्त दर्शन पीजी कॉलेज जयहरीखाल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल मुकाबला में राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार ने हिमालयन इंस्टीट्यूट देहरादून को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीजी कॉलेज ऋषिकेश एवं जसपाल राणा अंत तक बराबरी पर रही। अतिरिक्त समय में भी मैच का निर्णय नहीं हो पाया, जिससे मैच का निर्णय पेनल्टी शूट आउट से हुआ, जिसमें जसपाल राणा देहरादून कॉलेज के खिलाड़ियों ने 5-3 से इस मुकाबले को अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला पीजी कॉलेज कोटद्वार एवं जसपाल राणा देहरादून कॉलेज के मध्य खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में दूसरे हाफ में पीजी कॉलेज कोटद्वार के खिलाड़ी सूरज पुंडीर ने निर्णायक गोल दागकर चौथी बार विश्वविद्यालय चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह में प्रभारी प्राचार्य प्रो. बसंतिका कश्यप, अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत, कोटद्वार स्टेडियम के प्रभारी श्याम सिंह डांगी ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

## आनंद विहार-कोटद्वार रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी ने आनंद विहार से कोटद्वार के लिए संचालित होने वाली रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है। कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा। इस संबंध में शनिवार को सोसाइटी संरक्षक प्रकाश कोठारी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबंध में पूर्व में भी सोसाइटी की ओर से लगभग 12 स्मृति पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि कण्वाश्रम को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत यह प्रयास लाभकारी साबित हो सकता है। रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने से पर्यटकों का क्षेत्र के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

## महर्षि विद्या मंदिर में राज्य स्थापना दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर कोटद्वार में उत्तराखंड स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य ने सभी को उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलग पहाड़ी राज्य का सपना राज्य आंदोलनकारियों द्वारा दिए गए बलिदानों से संभव हुआ है। अब इसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करना हम सबका दायित्व है। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रदर्शित करते कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। छात्र पंकज नेगी, आशीष डोबरियाल व विनीत रावत ने देवभूमि महिमा व राज्य स्थापना दिवस पर भाषण दिये। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## पीएचसी के उच्चीकरण की मांग को लेकर यूकेडी ने किया प्रदर्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यूकेडी की सांगठनिक इकाई की ओर से स्थानीय जनता के सहयोग से शनिवार को दुगड्डा ब्लॉक के पौखाल बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का उच्चीकरण करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने केंद्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

इस अवसर पर यूकेडी कोटद्वार संगठन जिलाध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल ने कहा कि पौखाल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लचर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर समस्याओं के लिए कोटद्वार बेस हॉस्पिटल में जाना पड़ता है और मरीज को गंभीर समस्या होने पर वहां से भी रैफर कर दिया जाता है। इसमें आम जन का धन और समय दोनों बर्बाद होते हैं। विकास तोमर ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण करते हुए यहां पर एक्सरे, खून की जांच, अल्ट्रासाउंड और आंखों की जांच सहित सभी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिएं। कहा कि इस संबंध में जन प्रतिनिधियों व शासन प्रशासन को लिखित में अवगत कराने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चेतावनी दी कि इन मांगों की ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो जन सहयोग से आंदोलन को तेज किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में पीतांबर दत्त तोमर, राम प्रसाद डोबरियाल, बलबीर सिंह,आनंदमणि, शकील अहमद, प्रदीप असवाल, सोम डबराल, चंडी प्रसाद, कमला देवी और परमेश्वरी देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।


## राज्य के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया
## गढ़वाली पोशाक पहनकर गढ़वाली में भाषण दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सनेह क्षेत्र के लालपानी स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने शहीद आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड स्थापना दिवस हमें न केवल गर्वित करता है, बल्कि भविष्य के लिए नये संकल्प लेने और जिम्मेदारियों को लेने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परम्परा को भूलती जा रही है, इसी उद्देश्य से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गढ़वाली भाषा में भाषण देने के लिए प्रेरित किया गया है। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के छात्राओं ने गढ़वाली पोशाक पहनकर गढ़वाली भाषा में अपने विचार व्यक्त करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




## डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाने में कारगर भूमिका निभा रहा है डिजीलॉकर

नयी दिल्ली, ( एजेंसी/चिंगारी )। पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया। सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया।



# सफेद बालों ने जवानी में ही दिला दिया बुढ़ापे का एहसास?



**आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित दिनचर्या और खानपान की खराब आदतों ने युवाओं में समय से पहले सफेद बालों की समस्या को आम बना दिया है। जहां पहले बाल उम्र बढ़ने पर सफेद होते थे, वहीं अब किशोरों और युवाओं में भी यह परेशानी तेजी से बढ़ रही है। हालांकि बाजार में मौजूद हेयर डाई और कलर टेम्परारी राहत जरूर देते हैं, लेकिन ये बालों को और ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आप प्राकृतिक तरीके से अपने सफेद बालों को दोबारा काला बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए यहां कुछ बेहद असरदार घरेलू नुस्खे बताए गए हैं।**

नियमित देखभाल और सही लाइफस्टाइल अपनाकर बालों की सेहत लंबे समय तक बरकरार रखी जा सकती है।



## आंवला- बालों के लिए अमृत

आंवला में मौजूद विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट बालों की जड़ों को मजबूती देने के साथ-साथ उन्हें दोबारा काला बनाने में मदद करते हैं। आंवला पाउडर को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें और बालों की जड़ों में लगाएं। इसके अलावा, आप रोज़ाना सुबह खाली पेट आंवला जूस का सेवन भी कर सकते हैं।

**नोटः- विशेषज्ञों का कहना है कि सफेद बालों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि ये उपाय असर न करें या समस्या बढ़ती जाए, तो डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।**

## करी पत्ते और नारियल तेल

करी पत्तों में मौजूद पोषक तत्व मेलेनिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं, जिससे बाल प्राकृतिक रूप से काले होते हैं। कुछ करी पत्ते नारियल तेल में उबालें और इससे स्कैल्प की मालिश करें। हफ्ते में दो से तीन बार यह उपाय करें।

## भृंगराज तेल- बालों का राजा

भृंगराज को आयुर्वेद में 'बालों का राजा' कहा जाता है। यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने, झड़ने से रोकने और सफेद बालों को काला करने में बेहद फायदेमंद होता है। रात में सोने से पहले इससे सिर की मालिश करें और सुबह बाल धो लें।

## मेहंदी और कॉफी पैक

नेचुरल रंग देने वाली मेहंदी को कॉफी के साथ मिलाकर एक असरदार हेयर पैक तैयार किया जा सकता है। गर्म पानी में कॉफी मिलाएं और उसमें मेहंदी डालकर 2 घंटे छोड़ दें। फिर इसे बालों में लगाएं और 1 से 2 घंटे बाद धो लें।

## खानपान का रखें ध्यान

सफेद बालों की एक बड़ी वजह पोषण की कमी भी होती है। विटामिन क्च12, आयरन, प्रोटीन और जिंक की पर्याप्त मात्रा शरीर में होना जरूरी है। अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स, दूध, दही, अंकुरित अनाज और मौसमी फल शामिल करें।

---

# धूप से बेहाल पौधों को फिर से बनाएं हरा-भरा



**चिलचिलाती धूप में बाहर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं लगता। ज्यादातर लोग अपने जरूरी कामों को सुबह या फिर शाम के समय निपटाने की कोशिश करते हैं, ताकि धूप में बाहर निकलने से बचा जा सके। अब ज़रा सोचिए, जब इंसान इतनी गर्मी में बेहाल है, तो हमारे बेजुबान पौधों का क्या हाल हो रहा होगा?**

## गर्मियों में पौधे क्यों सूख जाते हैं?

तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण ज्यादातर पौधे गर्मी में सूखने लगते हैं। उनकी पत्तियां मुरझा जाती हैं और पौधे बेजान से दिखने लगते हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो ये पौधे मर भी सकते हैं। ऐसे में पौधों को पोषण देना बहुत जरूरी हो जाता है, ताकि वे फिर से हरे-भरे और जिंदा हो सकें।

## एक आसान घरेलू उपाय- तस्कीन फराह की खास टिप्स

कंटेंट क्रिएटर तस्कीन फराह ने एक बहुत ही आसान और सस्ता तरीका बताया है, जिससे आप अपने सूखते पौधों को दोबारा जिंदगी दे सकते हैं। इसके लिए न तो आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की ज़रूरत है, और न ही किसी खास चीज़ की।

## कैसे बनाएं पोषक घोल?

इस घरेलू जैविक खाद को बनाने के लिए आपको चाहिए- सोया चंक्स, पानी, थोड़ी सी चाय पत्ती, गाजर के छिलके।

## बनाने का तरीका

**1. सबसे पहले सोया चंक्स को पानी में अच्छी तरह उबाल लें। 2. उबालने के बाद जब यह ठंडा हो जाए, तो चंक्स को अच्छी तरह से निचोड़ लें और उसका पानी अलग कर लें। 3. अब इस पानी में थोड़ी सी इस्तेमाल की हुई चायपत्ती और गाजर के छिलके डाल दीजिए। 4. इस मिश्रण को पूरी रात ऐसे ही ढककर रख दीजिए।**

## कैसे करें इस्तेमाल?

**सुबह उठकर इस मिश्रण को छान लें। अब जो पोषक तत्वों से भरपूर पानी तैयार हुआ है, उसे अपने सूखते पौधों में थोड़ा-थोड़ा करके डालें। तस्कीन फराह का दावा है कि इस घोल का असर सिर्फ 5 दिनों में दिखने लगेगा। सूखे हुए पौधे फिर से हरे-भरे दिखने लगेंगे और उनमें जान सी आ जाएगी।**



## क्यों फायदेमंद है सोया चंक्स की खाद?

सोयाबीन एक दलहन है, जिसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है। इसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पौधों की ग्रोथ के लिए बेहद जरूरी हैं। जब यह पानी में फर्मेंट होता है, तो यह एक जैविक खाद बन जाता है। जैविक खाद होने के कारण, इसमें कोई भी हानिकारक रसायन नहीं होता। इसके प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता सुधरती है, और इसकी जल धारण क्षमता बढ़ जाती है।

अगर आप भी चाहते हैं कि आपके पौधे गर्मियों में सूखे नहीं, तो तस्कीन फराह का यह तरीका जरूर अपनाएं। न तो इसमें ज़्यादा खर्च है, और न ही किसी मुश्किल सामग्री की जरूरत। थोड़ी सी मेहनत और नियमित देखभाल से आप अपने बेजान पौधों में फिर से हरियाली लौटा सकते हैं।



# चाय के साथ सिगरेट पीने का कॉम्बिनेशन

## खतरनाक

चाय का कप और सिगरेट का कश। ये भारत में बहुत कॉमन है। इसे चाय-सुट्टा कहते हैं। किसी भी चाय की टपरी पर लोग एक हाथ में चाय और दूसरे में सिगरेट लिए मिल जाएंगे।

**लोग इसे स्ट्रेस से रिलैस पाने के लिए पीते हैं, लेकिन यह दिल पर अतिरिक्त दबाव डालता है, लड प्रेशर बढ़ाता है और दिमाग को इस आदत का गुलाम बनाता है। गर्म चाय के साथ सिगरेट पीने से एसिड रिलेस, कैंसर और क्रॉनिक लंग्स डिजीज का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है।**

### चाय-सिगरेट साथ पीने से अच्छा क्यों महसूस होता है?

चाय में कैफीन होता है, जो अलर्टनेस बढ़ाता है। सिगरेट का निकोटिन इसे और तेज कर देता है। इससे कुछ देर के लिए अच्छा महसूस हो सकता है। हालांकि, इसके कारण दिल की धड़कन बढ़ जाती है और ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। अगर कोई रोजाना ये करता है, तो लंबे समय में हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है।

### चाय-सुट्टा से सिकुड़ रही है सेहत

चाय और सिगरेट साथ पीने से गंभीर सिरदर्द, चक्कर, मतली और पेट खराब होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। निकोटिन बॉडी को स्ट्रेन देता है, जबकि कैफीन इसे बढ़ावा देता है। अगर कोई रोज सिगरेट-चाय साथ पी रहा है, तो उसका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। चाय-सिगरेट का कॉम्बिनेशन हेल्दी डाइट को भी बेअसर कर देता है।

### चाय-सुट्टा छोड़ने से फिर पटरी पर आएगी सेहत

चाय-सुट्टा छोड़ते ही बॉडी में रिकवरी शुरू हो जाती है। अगर कोई रोज एक सिगरेट कम करता है, तो उसकी जिंदगी में रोज 20 मिनट जुड़ सकते हैं। लेकिन कॉम्बो छोड़ने से कैफीन और निकोटिन दोनों की क्रेविंग कम होती है। इसमें तेजी से रिकवरी होती है।

### भारत में स्मोकिंग से हर साल 10 लाख मौतें

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल स्मोकिंग की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। भारत में ये आंकड़ा 10 लाख से ऊपर है। अगर तंबाकू के दूसरे प्रोडक्ट्स भी जोड़ें तो इसके कारण हर साल 13.5 लाख मौतें होती हैं। अब चाय का कनेक्शन देखें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा चाय उत्पादक और कंज्यूमर देश है। यहां औसतन हर शख्स साल में 700 ग्राम से ज्यादा चाय पीता है। लेकिन जब ये चाय सिगरेट के साथ मिलती है, तो नुकसान दोगुना हो जाता है।



# सर्दियां आते ही एसी बंद

**सर्दियों में महीनों तक एसी बंद रखना और उसे सही तरीके से स्टोर न करना महंगा पड़ सकता है। कई बार लोग एसी को बिना सफाई या तैयारी के ही कवर कर देते हैं, जिसके चलते अगली गर्मियों में यह ठीक से काम नहीं करता है।**

अब हल्की ठंड ने दस्तक दे दी है। सूरज जल्दी ढलने लगा है, रातें लंबी और सुबह ठंडी होने के साथ दिन का तापमान भी कम होने लगा है। लोग ऊनी कपड़े निकालने लगे हैं। ठंड के अहसास के साथ ही ज्यादातर घरों में पंखा, कूलर और एसी का इस्तेमाल या तो बंद हो चुका है या बहुत कम हो गया है। लंबे समय तक बंद पड़े रहने से इसमें धूल जमा हो जाती है, जंग लग सकती है और इलेक्ट्रिकल पार्ट्स खराब हो सकते हैं। हालांकि अगर हम कुछ बेसिक बातों का ध्यान रखें तो एसी सालों तक बेहतरीन परफॉर्मेंस देता रहेगा और रिपेयर का खर्च भी नहीं बढ़ेगा।

### मेन स्विच से पावर डिसकनेक्ट करें

एसी का प्लग निकालकर मेन स्विच से पावर सप्लाई बंद करें। इससे शॉर्ट सर्किट या वोल्टेज फ्लक्चुएशन से बचाव होता है। यूनिट पूरी तरह से सेफ रहती है।

### बंद करने से पहले कराएं सर्विसिंग

सर्दियों की शुरुआत में एक बार एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। यह फिल्टर, गैस लेवल और वायरिंग की जांच सुनिश्चित करती है। ऑफ सीजन में सर्विसिंग सस्ती भी होती है।

### एयर फिल्टर और कॉइल की डीप क्लीनिंग करें

लंबे समय तक बंद रहने पर एसी के फिल्टर में धूल और बैक्टीरिया जम जाते हैं। हल्के ब्रश या वैक्यूम क्लीनर से फिल्टर की सफाई करें। अगर गंदगी ज्यादा हो तो डिटर्जेंट या विनेगर के घोल में धोकर सुखा लें। कॉइल्स पर जमी धूल भी साफ करें ताकि कूलिंग इफिशिएंसी बनी रहे।

### ड्रेन पाइप और ट्रे में जमा पानी निकालें

एसी बंद करने से पहले ड्रिप ट्रे और पाइप में बचा हुआ पानी पूरी तरह निकाल दें। पानी जमा रहने से जंग लगने और बैक्टीरिया पनपने का खतरा रहता है। यह बदबू और फंगस का कारण बन सकता है।

### रिमोट की बैटरी निकालना न भूलें

लगभग 4-5 महीनों तक एसी का इस्तेमाल नहीं होगा। इससे बैटरी लीक होकर रिमोट को खराब कर सकती है। बैटरी निकालकर सूखे स्थान पर रखें। इससे रिमोट लंबे समय तक चलेगा।

### एसी कवर और ग्रिल्स की सफाई करें

बाहर की ग्रिल और कवर को साफ कपड़े से पोंछ लें। चाहें तो इन्हें अलग निकालकर धो सकते हैं। इससे धूल जमने या ब्लॉकेज की संभावना कम होती है।

### एसी को सही तरीके से कवर करें

आउटडोर यूनिट को वॉटरप्रूफ हार्ड प्लास्टिक कवर से ढंकें। पॉलिथीन या बंद कवर का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे नमी फंस सकती है और जंग लग सकता है। कवर ऐसा चुनें, जो वेंटिलेशन दे ताकि नमी बाहर निकल सके।



सभी देशवासियों, सम्मानित ग्रामवासियों एवं समस्त ग्राम प्रधानों को
सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं
व दिली मुबारकबाद

रईस मलिक
संवाददाता, चिंगारी सांध्य दैनिक
कोतवाली देहात



मोसीन मलिक
( प्रधान पद के भावी उम्मीदवार )



ग्राम पंचायत मौजमपुर हरवंश उर्फ रहमापुर मौजा बनवारीपुर
ब्लॉक कोतवाली देहात



सभी देशवासियों, सम्मानित ग्रामवासियों एवं
समस्त ग्राम प्रधानों को सर्वाधिक लोकप्रिय
सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ



जनाब हाजी नेता
अब्दुल समी

की हार्दिक शुभकामनाएं
व दिली
मुबारकबाद



इमरान समी कुरैशी
प्रधान पति

तमन्ना नाज़
प्रधान

रईस मलिक
संवाददाता, चिंगारी सांध्य दैनिक
कोतवाली देहात

ग्राम पंचायत व ब्लॉक कोतवाली देहात (बिजनौर)